पहला संयुक्त नौसेना अभ्यास: यूएस, यूएई, बहरीन और इज़रायल

संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, इज़रायल और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल फोर्स सेंट्रल कमांड (NAVCENT) की सेनाओं ने 'लाल सागर' में एक बहुपक्षीय समुद्री सुरक्षा अभियान अभ्यास शुरू किया।

- यह संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़रायल और दो खाड़ी देशों (संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन) के बीच सार्वजनिक रूप से स्वीकृत पहला नौसैनिक अभ्यास है।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - वर्ष 2020 में संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने ईरान के संबंध में साझा चिंताओं और आर्थिक लाभ की उम्मीदों के चलते एक साथ लाए गए **अब्राहम समझौते** के माध्यम से अमेरिका के नेतृत्व में इज़रायल के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सामान्य किया था।
    - यूएस फिफ्थ फ्लीट/NAVCENT, बहरीन में स्थित है और अरब की खाड़ी, ओमान की खाड़ी, लाल सागर तथा हिंद महासागर के कुछ हिस्सों में संचालित होता है।
  - विश्लेषकों का मानना है कि फरवरी 2021 से ईरान और इज़रायल 'शैडो वॉर' में संलग्न हैं, जिसके तहत दोनों राष्ट्रों द्वारा एक-दूसरे के जहाज़ों पर हमला किया जा रहा है।
  - वर्ष 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिये ईरान और प्रमुख शक्तियों (P5 +1) के बीच वार्ता 29 नवंबर, 2021 को वियना में फिर से शुरू होगी, हालाँकि यदि यह वार्ता विफल होती है तो इससे क्षेत्रीय तनाव और अधिक बढ़ सकता है।
  - लाल सागर में आयोजित इस पाँच दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य इसमें भाग लेने वाले सुरक्षा बलों के बीच अंतःक्रियाशीलता को बढ़ाना है।
    - यह समुद्री सहयोग नौवहन की स्वतंत्रता और व्यापार के मुक्त प्रवाह की रक्षा करने में मदद करता है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये आवश्यक है।
  - इस अभ्यास में 'यूएसएस पोर्टलैंड' (एक परिवहन डॉक जहाज़) पर बोर्डिंग, खोज और ज़ब्ती संबंधी प्रशिक्षण शामिल है।
- **लाल सागर:**
  - लाल सागर एक अर्द्ध-संलग्न उष्णकटिबंधीय बेसिन (Semi-Enclosed Tropical Basin) है, जो उत्तर-पूर्व में अफ्रीका, पश्चिम और पूर्व में अरब प्रायद्वीप से घिरा हुआ है।
  - लंबा और संकीर्ण आकार का यह बेसिन भूमध्य सागर के मध्य और उत्तर-पश्चिम तथा हिंद महासागर से दक्षिण-पूर्व तक फैला हुआ है।
  - उत्तरी छोर पर यह अकाबा की खाड़ी (Gulf of Aqaba) और **स्वेज़ की खाड़ी** (Gulf of Suez) से अलग हो जाता है, जो स्वेज़ नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।
  - दक्षिणी छोर पर यह बाब अल मंदेब (Bab-el-Mandeb) जलडमरूमध्य द्वारा अदन की खाड़ी और बाहरी हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है।
  - यह रेगिस्तानी या अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जिसमें कोई भी बड़ा ताज़े पानी का प्रवाह नहीं है।
  - **6 सीमावर्ती देश:** यमन; सऊदी अरब; मिस्र; सूडान; इरिट्रिया; जिबूती।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-joint-naval-exercise-us-uae-bahrain-and-israel